भारत के लिये टीम की घोषणा के लिये एक समय सीमा है और सच कहूं तो पूरी संभावना है कि मैं इसमें जगह नहीं बना पाऊंगा। वे निश्चित रूप से मुझे क्रिकेट खेलते हुए देखेंगे और अगर वे मुझे इस दौरे के लिये चुनते हैं तो वे निश्चित रूप से बड़ा जोखिम लेंगे। **- ग्लेन मैक्सवेल**

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज, भारतीय दौरे को लेकर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

जो रूट

इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट 23 दिसंबर 2022 को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के लिये होने वाली नीलामी में अपना नाम शामिल करेंगे। ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रूट ने इससे पहले 2018 की नीलामी में भी अपना नाम शामिल किया था लेकिन उन्हें किसी फ्रेंचाइजी ने नहीं खरीदा। वह इसके अलावा इंग्लैंड के टी20 ब्लास्ट और ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स के लिये खेल चुके हैं। ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने कहा कि रूट को एक बार फिर किसी भी फ्रेंचाइजी द्वारा न खरीदे जाने की आशंका है।

क्या आप जानते हैं ?... प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

एक ओवर में लगातार सात छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने गायकवाड़

अहमदाबाद, 28 नवंबर। महाराष्ट्र के रुतुराज गायकवाड़ विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टरफाइनल में सोमवार को उत्तर प्रदेश के खिलाफ एक ओवर में सात छक्के जड़कर लिस्ट-ए क्रिकेट में ऐसा करने वाले पहले बल्लेबाज बन गये।

गायकवाड़ ने शिवा सिंह द्वारा फेंके गए 49वें ओवर में यह कीर्तिमान रचा। इस ओवर की पांचवीं गेंद नो बॉल होने के कारण शिवा को कुल सात गेंदें फेंकनी पड़ीं। गायकवाड़ ने सभी गेंदों पर छक्के लगाकर ओवर में कुल 43 रन जोड़े।

गायकवाड़ इसी के साथ सीमित ओवर क्रिकेट में एक ओवर में लगातार सात छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गये। क्रिकेट के सभी प्रारूपों में एक ओवर में सबसे अधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ली जर्मोन के पास है, जिन्होंने एक ओवर में आठ छक्के मारे थे। न्यूजीलैंड घरेलू क्रिकेट के 1989-90 सीज़न के दौरान प्रथम श्रेणी मैच के इस ओवर में 17 नो बॉल शामिल थीं और पूरे ओवर में कुल 77 रन बने थे। गायकवाड़ का 43 रन का ओवर लिस्ट-ए क्रिकेट के इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे महंगा ओवर बन गया। इससे पहले 2018 में न्यूजीलैंड के घरेलू 50 ओवर के खेल में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के ब्रेट हैम्पटन और जो कार्टर ने भी एक ओवर में 43 रन जोड़े थे।

गायकवाड़ ने इसी ओवर में अपना दोहरा शतक भी पूरा किया। महाराष्ट्र के लिए पारी की शुरुआत करने उतरे गायकवाड़ ने इस पारी में 159 गेंदों पर 10 चौकों और 16 छक्कों की बदौलत नाबाद 220 रन बनाए, और अपनी टीम को 50 ओवर में 330 रन तक पहुंचाया।

केवल चार खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के मारने की उपलब्धि हासिल की है। इनमें दक्षिण अफ्रीका के हर्शल गिब्स, भारत के युवराज सिंह, वेस्टइंडीज के कीरोन पोलार्ड और यूएसए के जसकरन मल्होत्रा का नाम शामिल है।

कैमरून ने सर्बिया को ड्रॉ पर रोका

अल-वाकराह (कतर), 28 नवंबर। कैमरून ने विन्सेंट अबूबकर (एक गोल, एक असिस्ट) की बदौलत सोमवार को फीफा विश्व कप 2022 के रोमांचक ग्रुप-जी मुकाबले में सर्बिया को 3-3 के ड्रॉ पर रोक दिया। कैमरून के लिये जीन चार्ल्स कैस्टेलेटो (29वां), अबूबकर (63वां) और एरिक मैक्सिम चौपो-मोटिंग (66वां मिनट) ने गोल किये। स्ट्राहिन्जा पावलोविच (45 1वां), सर्गेज मिलिनकोविच (45 3) और एलेक्सैंडर मिट्रोविच (53वां मिनट) ने सर्बिया के गोल जमाये।

कैमरून ने रोमांचक मुकाबले के 29वें मिनट में पहला गोल जमाकर सर्बिया को शांत रखा था। कैमरून 1-0 की बढ़त के साथ दूसरे हाफ में जाने वाली थी लेकिन पावलोविच और मिलिन कोविच ने पहले हाफ के अतिरिक्त समय में गोल करके मैच का रुख पलट दिया। दूसरे हाफ के सातवें मिनट में मिट्रोविच

ने भी गोल किया और सर्बिया की बढ़त 3-1 हो गयी। पहले मैच में स्विट्जरलैंड से हारने के बाद कैमरून एक और हार की ओर अग्रसर थी लेकिन अबूबकर उनके लिये संकटमोचक बनकर आये।

अबूबकर ने पहले 63वें मिनट में कैमरून का दूसरा गोल किया। इसके बाद चौपो-मोटिंग ने सर्बियाई बॉक्स के अंदर अबूबकर के असिस्ट की मदद से गोल करके स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। मैच के 89वें मिनट में मिट्रोविच ने कैमरून के खेमे में पहुंचकर गोल करना चाहा लेकिन वह गोलकीपर को पार नहीं कर सके।

अबूबकर दूसरे हाफ में सब्स्टीट्यूट के रूप में फील्ड पर आये थे लेकिन उनके योगदान ने कैमरून को फीफा विश्व कप में बरकरार रखा है। वह एक विश्व कप मैच में गोल और असिस्ट दोनों करने वाले पहले अफ्रीकी खिलाड़ी भी बन गये हैं। कैमरून का आखिरी ग्रुप-जी मुकाबला शनिवार को ब्राज़ील से होगा, जबकि सर्बिया को इसी दिन स्विट्ज़रलैंड का सामना करना है।

कनाडा ने ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराया

मलागा, 28 नवम्बर। कनाडा ने टेनिस का वर्ल्ड कप कहे जाने वाले डेविस कप का खिताब जीत लिया है। उसने स्पेन के मलागा में खेले गए फाइनल मुकाबले में 28 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराया। 121 साल पुराने इस टूर्नामेंट कनाडा को पहली बार ट्रॉफी चूमने का मौका मिला है। टीम इस टूर्नामेंट में 109 साल से खेल रही है। कनाडा की टीम 2019 के सीजन में उपविजेता रही थी। तब उसे राफेल नडाल की मौजूदगी वाले स्पेन ने हराया था। साथ ही हम टूर्नामेंट का इतिहास और इसमें भारत की स्थिति भी देखेंगे...उससे पहले देखिए कनाडाई टीम का परफॉर्मेंस रविवार को डेनिस शापोवालोव और फेलिक्स ऑगर अलियासिमे की जीत के दम पर कनाडा ने ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से मात दी।

न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश श्रृंखला के लिये महिला टीम की घोषणा की

क्राइस्टचर्च, 28 नवंबर। न्यूजीलैंड ने बंगलादेश के खिलाफ घरेलू सीमित ओवर शृंखलाओं के लिये महिला टीम की घोषणा करते हुए अगले साल होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप की तैयारियां शुरू कर दी हैं। अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ तीन वनडे और तीन टी20 मुकाबलों के लिए 15-खिलाड़ी टीम की कमान एक बार फिर अनुभवी कप्तान सोफी डिवाइन को सौंपी गयी है। सुजी बेट्स, अमेलिया केर, जेस केर, मैडी ठीन और हेले जेन्सेन इस टीम के साथ अपना अनुभव साझा करेंगी, जबकि विकेटकीपर-बल्लेबाज जेस मैकफैडेन इस शृंखला में पदार्पण कर सकती हैं। फरवरी में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये दक्षिण अफ्रीका रवाना होने से पहले यह न्यूजीलैंड की आखिरी सीरीज होगी। मुख्य कोच बेन सॉयर को उम्मीद है कि उन्हें यहां कुछ सकारात्मक नतीजे देखने को मिलेंगे। सॉयर ने कहा, "हमने अगले साल होने वाले विश्व कप को ध्यान में रखते हुए पिछले कुछ महीनों में एक खाका तैयार किया है कि हम कैसे खेलना चाहते हैं, खासकर टी20 प्रारूप में। यह दौरा अपने काम को जारी रखने और उन योजनाओं को आजमाने एवं बदलाव करने का एक शानदार अवसर होगा।"

न्यूजीलैंड स्क्वाड : सोफी डिवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, एडेन कार्सन, लॉरेन डाउन, मैडी ठीन, ब्रुक हॉलिडे, हेले जेन्सेन, फ्रान जोनास, अमेलिया केर, जेस केर, जेस मैकफैडेन, मौली पेनफोल्ड (केवल वनडे), हन्ना रोवे (केवल वनडे), जॉर्जिया प्लिमर (केवल टी20), ली ताहुहू।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 42-30 से हराया

इंचियोन (दक्षिण कोरिया), 28 नवंबर। भारत की सीनियर महिला हैंडबॉल टीम ने 19वीं एशियाई महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में सोमवार को अपने चौथे लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया को 42-30 से हराया। भारत की ओर से भावना ने सर्वाधिक 16 गोल दागे, जबकि मेनका ने 12 गोल किये। शालिनी ठाकुर ने आठ जबकि सोनिका ने पांच गोल का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जेम्मा बके ने सर्वाधिक 11 गोल किये। इसके अलावा हैना ने सात और चोले वॉन ने पांच गोल दागे। मेनका को मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया।

पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामक रवैया जारी रखेगी इंग्लैंड : मैकुलम

रावलपिंडी, 28 नवंबर। इंग्लैंड टेस्ट टीम के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने सोमवार को कहा कि उनकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में आक्रामक रवैये के साथ खेलना जारी रखेगी। मैकुलम ने पाकिस्तान आने के बाद अपनी पहली संवाददाता सम्मेलन में कहा, घर से दूर जाकर जीतना सबसे बड़ी उपलब्धि है जिसे आप एक टेस्ट खिलाड़ी और एक टेस्ट टीम के रूप में हासिल कर सकते हैं। हम समझते हैं कि हम किस चुनौती का सामना कर रहे हैं, लेकिन यह अच्छा है। आप इसीलिए तो खेलना चाहते हैं। आप आसान चुनौतियां नहीं चाहते हैं। मैं वास्तव में उत्साहित हूं। मुझे नहीं पता कि हम सीरीज जीतेंगे या नहीं, लेकिन मैं दावा कर सकता हूं कि जब कप्तान (बेन स्टोक्स) 48 घंटे में यहां आयेंगे तो वह कहेंगे कि सीरीज में कोई ड्रॉ नहीं होगा। इंग्लैंड 17 साल बाद पाकिस्तान में टेस्ट सीरीज खेलने जा रही है और यह बतौर कोच मैकुलम का पहला विदेशी दौरा भी है। मैकुलम-स्टोक्स की अगुवाई में इंग्लैंड ने खेल के सबसे लंबे प्रारूप में अपना रवैया बदला है, और उन्हें पिछले सात में से छह मुकाबलों में जीत भी मिली है। मैकुलम ने कहा, हम निश्चित रूप से मैच को परिणाम तक पहुंचाने के लिये जोर देंगे। यह हमारा दायित्व है कि लोग मैच का आनंद लेकर लौटें। अगर हम हार जाते हैं, तो हमें पता होगा कि पाकिस्तान हमसे बेहतर खेला। मुझे उम्मीद है कि हम अच्छा खेलेंगे और अगर हम हार जाते हैं तो भी ठीक है। हम अवसर, चुनौती और आतिथ्य का इंतजार कर रहे हैं। उम्मीद है कि कुछ हफ्तों में हर कोई कहेगा कि यह एक अद्भुत शृंखला रही है।

घाना ने रोमांचक मुकाबला जीता, कोरिया विश्व कप से बाहर

अल रैयान (कतर), 28 नवंबर। घाना ने मोहम्मद कुद्दूस के दो गोलों की बदौलत सोमवार को फीफा विश्व कप 2022 के रोमांचक ग्रुप-एच मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 3-2 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। एजुकेशन सिटी स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में विजेता टीम के लिये मोहम्मद सालिसू (24वां) और कुद्दूस (34वां, 68वां मिनट) ने गोल किये। चो गुए-सुंग (58वां, 61वां) ने कोरिया के दोनों गोल जमाये।

पहले हाफ में 2-0 से पिछड़ने के बाद कोरिया गुए-सुंग के गोलों की बदौलत मैच में वापस आ गया था, लेकिन कुद्दूस के गोल ने एक बार फिर घाना को बढ़त दिला दी। इसके बाद कोरिया ने स्कोर बराबर करने के कई प्रयास किये लेकिन घाना के गोलकीपर लॉरेंस अतिज़िगी ने उन्हें एक बार भी कामयाब नहीं होने दिया और अपनी टीम के लिये बहुमूल्य तीन अंक सुनिश्चित किये।

करो या मरो मुकाबले में कोरिया ने अच्छी शुरुआत की लेकिन सालिसू ने घाना को शुरुआती बढ़त दिलाई। मैच के 23वें मिनट में सालिसू ने जॉर्डन एयू से पास लेकर उसे गोल में पहुंचा दिया। मैच के 34वें मिनट में जॉर्डन ने कुद्दूस को पास दिया और घाना

ने अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। पहले हाफ में 2-0 से पिछड़ने के बाद गुए-सुंग कोरिया को मैच में वापस लेकर आये। उन्होंने 57वें मिनट में ली कांग के क्रॉस को हेडर से घाना के गोल में पहुंचाया। पांच मिनट बाद उन्होंने जिन सू के क्रॉस पर यही कारनामा दोहराते हुए स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया।

छह मिनट के अंतराल में दो गोलों के साथ कोरिया ने आक्रामक रुख अपना लिया था लेकिन कुद्दूस एक बार फिर घाना की मदद के लिये आगे आये। मैच के 67वें मिनट में इनाकी विलियम्स बाईं ओर से आये क्रॉस को किक करने से चूक गये, जिसके बाद कुद्दूस ने कोरियाई रक्षण को छकाते हुए बॉल को नेट में पहुंचाया। मैच के आखिरी 20 मिनटों में कोरिया ने पूरी आक्रामकता अपनाई लेकिन अतिज़िगी ने शानदार तरीके से गोलपोस्ट की रक्षा की और कोरिया को एक गोल के अंतर से हारना पड़ा। कोरिया दो मैचों में एक ड्रॉ और एक हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गयी है, जबकि घाना एक जीत और एक हार के साथ ग्रुप-एच में पुर्तगाल के बाद दूसरे स्थान पर है। कोरिया को अपने आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में शुक्रवार को पुर्तगाल का सामना करना है जबकि घाना इसी दिन उरुग्वे का सामना करेगी।

पाकिस्तान टेस्ट सीरीज की कमाई बाढ़ पीड़ितों को दान करेंगे स्टोक्स

रावलपिंडी, 28 नवंबर। इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने पाकिस्तान टेस्ट शृंखला की अपनी मैच फीस पाकिस्तानी बाढ़ पीड़ितों के लिए दान करने की घोषणा की है। स्टोक्स ने सोमवार को ट्वीट किया, साल की शुरुआत में बाढ़ से पाकिस्तान को तबाह होते देखना बहुत दिल का झकझोरने वाला पल था और इससे देश एवं देशवासियों पर गहरा प्रभाव पड़ा है। इस खेल ने मुझे जीवन में बहुत कुछ दिया है और इसके बदले में कुछ लौटाना बहुत जरूरी है जो क्रिकेट से भी आगे जाता हो। मैं इस टेस्ट सीरीज की अपनी मैच फीस पाकिस्तानी बाढ़ पीड़ितों के लिए दान करूंगा। इस साल जून में आई मूसलाधार बारिश पाकिस्तान के इतिहास में सबसे गंभीर बाढ़ का कारण बनी। बाढ़ में 3.3 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित हुए थे, जबकि 1700 से ज्यादा लोगों की जान चली गयी थी। स्टोक्स ने उम्मीद जताई कि उनका यह प्रयास बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों को फिर से बसाने के काम आयेगा। इंग्लैंड क्रिकेट टीम 17 साल बाद टेस्ट सीरीज खेलने के लिये पाकिस्तान आयी है। तीन मैचों की शृंखला की शुरुआत एक दिसंबर को रावलपिंडी टेस्ट के साथ होगी।

मैरी कॉम चलाएंगी कैंसर की शुरुआती जांच अभियान

हैदराबाद 28 नवंबर। अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट (एओआई) ने सोमवार को घोषणा की कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एथलीट आयोग की अध्यक्ष मैरी कॉम को कैंसर के शुरूआती लक्षणों की जांच अभियान चलाने के लिए चुना गया है। एओआई दक्षिण एशिया में 16 कैंसर अस्पतालों का संचालन करने वाली सबसे बड़ी कैंसर अस्पतालों में से एक है।

एओआई ने एक विज्ञप्ति में बताया कि इस अभियान का उद्देश्य पूर्वोत्तर सहित देश भर में कैंसर का जल्द पता लगाने और नियमित जांच के बारे में जागरूकता फैलाना है, जहां कैंसर की सबसे अधिक घटनाएं होती हैं। एनसीआरपी की रिपोर्ट 2020 के अनुसार, भारत में हर साल लगभग दस लाख नए कैंसर के मामले सामने आते हैं और फिर भी नियमित जांच पर जागरूकता का स्तर बहुत कम है।

कैंसर के लक्षणों का जल्द पता लगाने के लिए एओआई ने मैरी कॉम के साथ मिलकर सार्वजनिक स्वास्थ्य हित में एक लघु फिल्म लॉन्च की है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे कैंसर के शुरुआती लक्षणों को जानकर इस रोग से जल्दी से निपटा जा सकता है और यह फिल्म 'थिंक बिफोर टाइम' और 'एक्ट बिफोर टाइम' जैसे शब्दों का उपयोग करके कैंसर के लिए नियमित स्क्रीनिंग पर जनता का ध्यान आकर्षित करती है। मैरी कॉम ने कहा,जैसे हमें एथलीट के लिए हर स्थिति में अच्छी तरह से तैयार रहना महत्वपूर्ण है। ठीक वैसा ही कैंसर के साथ है जहां शुरुआती निदान पाकर इस रोग से बचने में कामयाब साबित हो सकते हैं। नियमित स्क्रीनिंग से कुछ कैंसर का जल्द पता लगाया जा सकता है।

एथलीट कॉम ने कहा,नियमित स्क्रीनिंग के माध्यम से मैं कैंसर से संबंधित जागरूकता फैलाने और प्रत्येक व्यक्ति को सशक्त बनाने की उम्मीद करती हूं ताकि वे अच्छी तरह से तैयार हो सकें एवं स्वस्थ जीवन जी सकें। एओआई कैंसर का जल्द पता लगाने के लिए नियमित रूप से अपनी 16 इकाइयों में मुफ्त कैंसर जांच शिविर आयोजित करता है।

शुरुआती पहचान के बारे में बात करते हुए, सीटीएसआई, दक्षिण एशिया के ग्रुप सीईओ डॉ जगप्रग सिंह गुजराल ने कहा, हमें

नाम परिवर्तन

मैं, नं. 15506663W एल.डी. ध्रुवज्योति बेजबरूवा (Dhrubajyoti Bezbaruah) निवासी बारमखीबाहा, पोस्ट मखीबाहा, तह. टिहू, जिला-नलबाड़ी (असम) मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिताजी का नाम फटिक चन्द्र सिल एवं माताजी का नाम पद्मिनी सिल गलत दर्ज है सही नाम फटिक शील एवं पद्मिनी शील है। शपथ पत्र नं. 3357, दिनांक 28.11.2022

अंतिम अरदास

सरदार गुरदर्शन पाल सिंह कपूर सुपुत्र स्व. सरदार जोगिंदर पाल सिंह कपूर निवास- B-81, रमन मार्ग, तिलक नगर, जयपुर का अकाल चलाणा 26.11.2022 को हो गया है। अंतिम अरदास 29.11.2022 मंगलवार को गुरुद्वारा राजा पार्क में दोपहर 12.00 से 1.00 बजे होगी। शोकाकुल: परविंदर कौर (पत्नी), बरिंदर छिब्बर-नरेश चंद्र छिब्बर (बहन-बहनोई), मनमीत कपूर-रामदास अरोड़ा, मिना कौर-गगनदीप सिंह (पुत्री-दामाद) एवं समस्त परिवार 9850169993, 9460371318

सीआईएसएफ ने जीता सुपर-6 का उद्घाटन मैच

नयी दिल्ली, 28 नवंबर। सीआईएसएफ प्रोटेक्टर ने सोमवार को फुटबॉल दिल्ली सीनियर डिवीजन लीग के पहले सुपर-6 मुकाबले में शास्त्री एफसी को 5-0 से मात दी। नेहरू स्टेडियम पर खेले गये दिन के दूसरे मैच में नेशनल यूनाइटेड ने गढ़वाल डायमंड को 2-1 से हराया।

सुपर-6 के उद्घाटन मैच की विजेता सीआईएसएफ को खाता खोलने के लिये एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा। मैच के 61वें मिनट में जतिंदर ने पहला गोल जमाया, जिसके बाद गोलों की झड़ी लग गयी। राकेश के आत्मघाती गोल और शक्ति, संतोष और मनिंदर के गोलों से सीआईएसएफ ने जीत को आसान बनाया। संतोष को मैन आफ द मैच आंका गया।

दिन के दूसरे मैच में नेशनल यूनाइटेड के लिये दिविज ने गोल जमाया, जबकि गढ़वाल का गोल राहुल रावत ने किया। मुकाबला टक्कर का रहा लेकिन गढ़वाल के रक्षक आकाश मलिक का आत्मघाती गोल निर्णायक साबित हुआ। सीनियर डिवीजन लीग के सुपर-6 चरण में मंगलवार को अहबाब एफसी को दिल्ली टाइगर से खेलना है।

द्रोणाचार्य ने मिस्टर ओलंपिया में क्वालीफाई करने वाले शिष्यों को किया सम्मानित

नयी दिल्ली, 28 नवम्बर। द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित भुपिंदर धवन के जिम द्रोणाचार्य द जिम ने अपने शिष्यों मुकेश सिंह, सुरिन्दर सिंह और ऋतेश डोगरा को अमेरिका के लास वेगस में आयोजित मिस्टर ओलंपिया प्रो मीट में क्वालीफाई करने के लिये सम्मानित किया है। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के क्वालीफायर में अनेक देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जहां मुकेश ने कांस्य पदक जीता। नयी दिल्ली में आयोजित एक समारोह में उक्त खिलाड़ियों का सम्मान करते हुए स्वास्थ्य एवं फिटनेस केंद्रों की शृंखला के संचालक भूपेन्द्र धवन ने इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

जितने मौके मिल रहे है उनमें बेहतर परफॉर्मेंस दूं : शुभमन गिल

वर्ल्ड कप में ओपनर की बात पर शुभमन गिल का कहना-

नई दिल्ली, 28 नवम्बर। मैं अभी वर्ल्ड कप के बारे में नहीं सोच रहा हूं। मेरी कोशिश है कि अभी मुझे जितने मौके मिल रहे हैं उनमें बेहतर परफॉर्मेंस दूं।भारतीय ओपनर शुभमन गिल ने यह बात न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा वनडे बारिश के कारण रद्द किए जाने के बाद कही। गिल भले ही वर्ल्ड कप के बारे में न सोच रहे हों, लेकिन पिछले कुछ महीनों में बतौर ओपनर उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर खुद को रेस में ला दिया है। वसीम जाफर, आकाश चोपड़ा, अजीत अगरकर जैसे पूर्व क्रिकेटर उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं और उन्हें वर्ल्ड कप स्क्वॉड में देखना चाहते हैं।

इससे एक सवाल सीधे तौर पर खड़ा होता है। वह यह कि क्या रोहित शर्मा, शिखर धवन और केएल राहुल जैसे ओपनर्स के रहते हुए गिल को वर्ल्ड कप टीम में जगह मिलेगी? अगर जगह मिल जाती है तो वे किसके साथ ओपनिंग कर सकते हैं।इसी सवाल का जवाब इस स्टोरी में तलाशने की कोशिश करते हैं।

जूनियर क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले गिल को भारत के लिए वनडे खेलने का पहला मौका 2019 में 20 साल की उम्र में ही मिल गया था। हालांकि, उस साल वे सिर्फ दो मैच खेल सके और सिर्फ 16 रन बना पाए। 2020 में गिल को 1 वनडे मिला जिसमें उन्होंने 33 रन बनाए। 2021 में गिल को एक भी वनडे नहीं मिला। तब लगने लगा कि पंजाब का यह बल्लेबाज सिलेक्टर्स के रडार से बाहर हो गया है। तभी 2022 में उनकी किस्मत पलटी। टीम के रेगुलर कैप्टन रोहित शर्मा ने जब-जब आराम लेने का फैसला किया गिल को बतौर ओपनर टीम में जगह मिली। इस साल उन्होंने 11 मैच खेले और 78.12 की औसत से 625 रन बना दिए। स्ट्राइक रेट भी 104.16 का रहा। गिल का ओवरऑल वनडे करियर ऊपर दी गई तस्वीर में देख सकते हैं। आगे टीम के रेगुलर ओपनर रोहित शर्मा और शिखर धवन के हालिया प्रदर्शन पर नजर डालते हैं।

रोहित शर्मा ने 2019 वनडे वर्ल्ड कप में पांच शतक जमाए थे। उसके बाद उनकी फॉर्म गिरती चली गई। 2021 से वे बिल्कुल भी लय में नहीं दिखे हैं। इस दौरान वे 9 मैच खेले और एक में भी शतक नहीं जमा पाए। रोहित वनडे ही नहीं टी-20 क्रिकेट में भी आउट ऑफ फॉर्म चल रहे हैं। उनके खराब खेल का खामियाजा भारत ने पिछले टी-20 वर्ल्ड कप में भी भुगता है। हालांकि, रोहित टीम के कप्तान हैं और पूरी संभावना है कि 2023 वनडे वर्ल्ड कप में टीम इंडिया उनकी अगुआई में ही उतरेगी। लिहाजा रोहित का बतौर ओपनर खेलना तय दिख रहा है।

रोहित की गैरहाजिरी में शिखर धवन को लगातार भारतीय टीम की कप्तानी करने का मौका मिल रहा है। धवन ने बतौर कप्तान बल्लेबाजी भी अच्छी की है। टी-20 और टेस्ट टीम से बाहर किए जा चुके धवन 2021 से अब तक 50-50 ओवर की क्रिकेट में 24 मैचों में 44.71 की औसत से 939 रन बना चुके हैं। इसमें 9 हाफ सेंचुरी भी शामिल हैं।